ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, बुधवार 05 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 354

ट्रम्प बोले- 2 अप्रैल से भारत पर 100% टैरिफ लगाएंगे



24 न्यूज अपडेट

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल से भारत पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे 100% से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं। ये ऐलान उन्होंने बुधवार सुबह (भारतीय समय के मुताबिक) अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन में किया। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ 1 घंटे का भाषण दिया था। ट्रम्प ने भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक, यानी 'अमेरिका का दौर लौट आया है' से की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। इसके अलावा ट्रम्प ने पाकिस्तान को शुक्रिया भी कहा। ट्रम्प ने कहा कि 2021 में अफगानिस्तान में आतंकियों ने 13 अमेरिकी सैनिकों की हत्या कर दी थी। उन्हें पकड़ने में पाकिस्तान सरकार ने मदद की।

1. जैसे को तैसा टैरिफ: 2 अप्रैल से जैसे को तैसा टैरिफ लागू होगा। दूसरे देश हम पर भारी टैरिफ और टैक्स लगाते हैं, अब हमारी बारी है। अगर कोई कंपनी अमेरिका में प्रोड्क्ट नहीं बना रही है तो उसे टैरिफ देना होगा। **2. यूक्रेन जंग:** जेलेंस्की जल्द से जल्द यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर बातचीत के लिए आने को तैयार हैं। हमने रूस के साथ गंभीर बातचीत की है। हमें मॉस्को से मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं। **3. अप्रवासी मुद्दा:** पिछले चार साल में 2.1 करोड़ लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं। हमारी सरकार ने अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा बॉर्डर और इमिग्रेशन क्रैकडाउन शुरू किया है। **4. जो बाइडेन:** बाइडेन अमेरिकी इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। उनके कार्यकाल में हर महीने लाखों अवैध लोग देश में दाखिल हुए। उनकी नीतियों के चलते देश में महंगाई बढ़ी। **5. गोल्ड कार्ड वीजा:** हम गोल्ड कार्ड वीजा सिस्टम लाने जा रहे हैं। यह ग्रीन कार्ड की तरह है, लेकिन उससे ज्यादा एडवांस है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी और कंपनियों को फायदा होगा। **6. पनामा नहर और ग्रीनलैंड:** हम किसी भी तरह पनामा नहर पर कंट्रोल हासिल करेंगे। इसके साथ ही हम किसी भी तरह ग्रीनलैंड को अपने में शामिल करेंगे। हम वहां के लोगों की हिफाजत करेंगे। **7. इलॉन मस्क और DoGE:** इलॉन मस्क के DoGE विभाग ने पिछली फेडरल सरकार के कई घोटालों को उजागर किया है। मस्क को ये विभाग बनाने की कोई जरूरत नहीं थी, लेकिन उन्होंने देश के लिए ऐसा किया। **8. फ्री स्पीच:** हमने सरकारी सेंसरशिप पूरी तरह रोक दी है और अमेरिका में फ्री स्पीच वापस ले आए हैं। हमने ऐसे सरकारी तंत्र को खत्म कर दिया है जिसका इस्तेमाल हथियार के तौर पर किया जाता है। **9. तेल और गैस:** अमेरिका के पास दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा 'लिक्विड गोल्ड' (तेल और गैस) है। हम अलास्का में बहुत बड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाएंगे। इसमें कई देश अरबों रुपए निवेश करना चाहते हैं। **10. स्पेस प्रोग्राम:** हम विज्ञान की नई सीमाओं को पार करेंगे, इंसान को अंतरिक्ष में आगे ले जाएंगे और मंगल ग्रह पर अमेरिकी झंडा फहराएंगे। हम दुनिया की सबसे उन्नत और शक्तिशाली सभ्यता का निर्माण करेंगे।

केंद्र ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोप-वे को मंजूरी दी: केदारनाथ में रोप-वे से 36 मिनट में होगी 9 घंटे की यात्रा, 36 लोग बैठ सकते हैं



केंद्र ने केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के लिए रोप-वे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, 'अभी जो यात्रा 8-9 घंटे में पूरी होती है, वह घटकर 36 मिनट की हो जाएगी। इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।' राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक (12.9 किमी) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक (12.4 किमी) का रोपवे बनेगा। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इसे बनाएगा। भगवान शिव का मंदिर केदारनाथ में है। यह समुद्र तल से 3,584 मीटर की ऊंचाई पर है। यहां मंदाकिनी नदी है। केदारनाथ धाम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

हर घंटे 1800 यात्रियों को रोपवे से केदारनाथ पहुंचाया जाएगा

केदारनाथ में बनने वाला रोपवे सबसे एडवांस्ड ट्राई केबल डिटेचेबल गोंडोला टेक्नीक वाला होगा। इससे हर घंटे 1800 और हर दिन 18 हजार तीर्थ यात्रियों को पहुंचाया जाएगा। केदारनाथ जाने में एक तरफ से कम से कम 9 घंटे का समय लगता है। रोपवे बन जाने के बाद यह यात्रा 36 मिनट में होगी। केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की कठिन चढ़ाई है। अभी इसे पैदल, पालकी, टट्टू और हेलिकॉप्टर से पूरा किया जाता है।

हेमकुंड साहिब के रोपवे पर 2,730.13 करोड़ रुपए खर्च होंगे

गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किमी रोपवे बनेगा। इसमें 2,730.13 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रोपवे से हर घंटे 1100 और हर दिन 11 हजार यात्रियों को ले जाया जाएगा। हेमकुंड साहिब उत्तराखंड के चमोली जिले में है। इसकी समुद्र तल से ऊंचाई 15 हजार फीट है। यहां स्थापित गुरुद्वारा मई से सितंबर के बीच साल में लगभग 5 महीने के लिए खुलता है। हर साल लगभग 2 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

26 नवंबर: PAN कार्ड में QR कोड लगाने और फ्री में अपग्रेड करने का फैसला हुआ था

मोदी कैबिनेट ने PAN 2.0 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। केंद्रीय मंत्री अश्विवी वैष्णव ने बताया कि इसके लिए सरकार 1435 करोड़ रुपए खर्च करेगी। मौजूदा पैन के नंबर को बदले बिना कार्ड एडवांस किए जाएंगे। वैष्णव ने कहा- नए पैन कार्ड QR कोड वाले होंगे। इसके लिए पेपरलेन यानी ऑनलाइन प्रोसेस अपनाई जाएगी। लोगों को QR कोड वाले पैन के लिए अलग से खर्च करने की जरूरत नहीं होगी। नए पैन में डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा।


बोफोर्स केस- CBI की अमेरिका से अपील, एजेंसी ने कहा- जांचकर्ता से जानकारी चाहते हैं



24 न्यूज अपडेट

केंद्रीय जांच एजेंसी (CBI) ने बोफोर्स घोटाले का दावा करने वाले माइकल हर्शमैन से जुड़ी जानकारी अमेरिका से मांगी है। हर्शमैन 2017 में भारत दौरे पर आए थे। उन्होंने दावा किया था कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने घोटाले की जांच को पटरी से उतार दिया था। तब हर्शमैन ने CBI के साथ बोफोर्स मामले से जुड़ी अहम जानकारी शेयर करने की इच्छा जाहिर की थी। बोफोर्स घोटाला साल 1986 का है, तब राजीव गांधी की सरकार थी। आरोप था कि स्वीडिश कंपनी AB बोफोर्स ने सौदे के लिए भारतीय नेताओं और रक्षा मंत्रालय को 60 करोड़ रुपए की घूस दी थी।

कन्नड़ एक्ट्रेस एयरपोर्ट पर 15kg सोने के साथ गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को 3 मार्च की देर शाम डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) ने 14.8 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी बुधवार (5 मार्च) को सामने आई है।

रान्या कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। उन्होंने कन्नड़ फिल्मों माणिक्य और पाटकी में काम किया है। कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

DRI अधिकारियों के मुताबिक, रान्या राव दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट के जरिए भारत लौटी थीं। सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही उनकी एक्टिविटी पर नजर रख रही थीं, क्योंकि वह पिछले 15 दिनों में 4 बार दुबई जा चुकी थीं।

रान्या के अपने कपड़ों में सोना छिपाए हुई थीं। जिसकी कीमत 12.56 करोड़ रुपए है। इसके अलावा पुलिस ने उसके घर पर भी रेड की। वहां से 2 करोड़ कीमत का सोना और 2 करोड़ रुपए कैश बरामद हुआ।

DRI की दिल्ली टीम को पहले से ही रान्या के सोने की तस्करी में शामिल होने की जानकारी थी। इसलिए 3 मार्च को उनकी फ्लाइट के लैंड करने से दो घंटे पहले ही अधिकारी एयरपोर्ट पर पहुंच गए थे।

स्टालिन बोले- परिसीमन 1971 की जनगणना के अनुसार हो



24 न्यूज अपडेट

तमिलनाडु CM एमके स्टालिन के नेतृत्व में बुधवार को जनगणना आधारित परिसीमन और ट्राई लैंग्वेज वॉर पर सर्वदलीय बैठक हुई। स्टालिन ने परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिण भारतीय राज्यों के राजनीतिक पार्टियों को मिलाकर एक जॉइंट एक्शन कमेटी बनाने का प्रस्ताव रखा। स्टालिन ने कहा कि अगर संसद में सीटें बढ़ती है तो 1971 की जनगणना को आधार बनाया जाए। उन्होंने यह भी मांग करते हुए कहा कि 2026 के बाद अगले 30 साल तक लोकसभा सीटों के बाउंड्री करते समय 1971 की जनगणना को ही मानक माना जाए। ट्राई लैंग्वेज को लेकर केंद्र पर हमला करते हुए स्टालिन ने कहा कि अगर भाजपा का यह दावा सच है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री को तमिल से बहुत प्यार है, तो यह कभी भी काम में क्यों नहीं दिखता?

टेस्ला ने मुंबई और पुणे में शुरू की हायरिंग: टोटल 20 वैकेंसी निकालीं, कंपनी का पहला शोरूम मुंबई के BKC में खुलेगा



24 न्यूज अपडेट

बिलेनियर इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला इंक ने भारत में अपने हायरिंग के प्रयासों को तेज कर दिया है। टेस्ला ने महाराष्ट्र में 20 ओपन पोजीशन को लिस्ट किया है। जिसमें से 15 जॉब्स ओपनिंग मुंबई और 5 वैकेंसी पुणे के लिए निकाली गई हैं।

भारत में दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) मैन्युफैक्चरर टेस्ला के हायरिंग और विस्तार के प्रयास बढ़ते इलेक्ट्रिक व्हीकल मार्केट से लाभ उठाने के कंपनी के कमिटमेंट को दर्शाते हैं।

भारत में टेस्ला का पहला ऑफिस पुणे में है


टेस्ला का भारत में पहला ऑफिस पुणे में है। पुणे तेजी से ऑटोमोटिव हब बन रहा है, जिसमें मर्सिडीज-बेंज और टाटा मोटर्स जैसे बड़े मैन्युफैक्चरर्स हैं। यही वजह है कि पुणे टेस्ला के लिए एक स्ट्रैटेजिक लोकेशन है।

टेस्ला आगे चलकर भारत में अपना मैन्युफैक्चरिंग प्लांट भी लगाना चाहती है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी अधिकारियों ने इस प्लांट के लिए कंपनी को पुणे के पास चाकन और चिखली में साइटों का प्रस्ताव दिया है।

टेस्ला का पहला शोरूम मुंबई के BKC में खुलेगा

इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि टेस्ला भारत में अपना पहला शोरूम मुंबई में खोलेगी। यह मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) में होगा। कंपनी ने हाल ही में इसके लिए डील फाइनल की है।

सेंसेक्स 740 अंक चढ़कर 73,730 के स्तर पर बंद: निफ्टी में 254 अंक की तेजी रही, मेटल और बैंक शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी बुधवार (5 मार्च) को सेंसेक्स 740 अंक चढ़कर 73,730 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 254 अंक की तेजी रही, ये 22,337 के स्तर पर बंद हुआ। मेटल और सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही।

निफ्टी का मेटल इंडेक्स 4.04% चढ़कर बंद हुआ। सरकारी बैंक के इंडेक्स में 3%, मीडिया में 3.14%, ऑटो में 2.60% और IT में 2.13% की तेजी रही। रियल्टी इंडेक्स 2.32% चढ़कर बंद हुआ। हेल्थकेयर और फार्मा इंडेक्स करीब 1.5% चढ़े।

आज सोने में गिरावट, चांदी में रही तेजी: सोना 132 रुपए गिरकर 86,300 रुपए पर आया, चांदी 95,993 रुपए प्रति किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

सोने के दामों में आज यानी 5 मार्च को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 132 रुपए गिरकर 86,300 रुपए पर आ गया है। मंगलवार को सोने का दाम 86,432 रुपए पर था। 19 फरवरी को गोल्ड ने 86,733 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था।

वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 700 रुपए चढ़कर 95,993 रुपए प्रति किलो हो गई है। कल चांदी का भाव 95,293 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

लखनऊ कोर्ट में राहुल गांधी पर 200 रुपये जुर्माना, 14 अप्रैल को पेशी अनिवार्य



24 न्यूज अपडेट नेशनल डेस्क। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लखनऊ की अदालत ने पेशी में अनुपस्थित रहने पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (ACJM) कोर्ट ने उन्हें 14 अप्रैल 2025 को अनिवार्य रूप से अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। अदालत ने चेतावनी दी कि यदि वे इस तारीख को भी अनुपस्थित रहते हैं, तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामला: सावरकर पर विवादित बयान शिकायतकर्ता नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को 'अंग्रेजों का नौकर' और 'पेंशन लेने वाला' कहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बयान समाज में वैमनस्य और घृणा फैलाने की मंशा से दिया गया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहले से तैयार पर्चे भी पत्रकारों के बीच वितरित किए गए थे। इस बयान को लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 153(ए) और 505 के तहत मामला दर्ज करने की मांग की गई थी। राहुल गांधी के वकील का पक्ष सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की ओर से वकील प्रांशु अग्रवाल ने अदालत में पेशी से छूट की अर्जी दाखिल की। उन्होंने दलील दी कि राहुल गांधी इस समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं और उनकी मुलाकात एक विदेशी गणमान्य व्यक्ति से पूर्व निर्धारित थी। अन्य आधिकारिक कार्यों में व्यस्त होने के कारण वे अदालत में उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि राहुल गांधी अदालत के आदेशों का सम्मान करते हैं और जानबूझकर पेशी से बचने का प्रयास नहीं कर रहे।

अदालत की सख्त चेतावनी

अदालत ने राहुल गांधी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए 200 रुपये का जुर्माना लगाया और 14 अप्रैल 2025 को अनिवार्य रूप से पेश होने का आदेश दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि वे अगली सुनवाई में भी अनुपस्थित रहते हैं तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जा सकता है।

बरेली कोर्ट में भी वकीलों ने दाखिल किया वकालतनामा

राहुल गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल और यासीर अब्बासी लखनऊ कोर्ट से निकलकर बरेली पहुंचे। यहां उन्होंने बरेली कोर्ट में वकालतनामा दाखिल किया और राहुल गांधी का आधार कार्ड भी जमा किया। सरकारी वकील अचिन द्विवेदी ने इसकी पुष्टि की है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 2 अप्रैल को तय की है। इस दिन राहुल गांधी कोर्ट में पेश हो सकते हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान दिया गया बयान विवादों में

मामला लोकसभा चुनाव के दौरान का है, जब राहुल गांधी ने आर्थिक सर्वेक्षण कर संपत्ति के वितरण संबंधी टिप्पणी की थी। अखिल भारतीय हिंदू महासंघ मंडल के अध्यक्ष पंकज पाठक ने इस बयान से भावनाएं आहत होने का दावा करते हुए कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। पहले एमपी-एमएलए कोर्ट ने यह शिकायत खारिज कर दी थी, लेकिन बाद में सेशन कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया। सुल्तानपुर में भी मानहानि का केस राहुल गांधी के खिलाफ सुल्तानपुर के MP/MLA विशेष कोर्ट में मानहानि का मामला भी चल रहा है। 2018 में कर्नाटक में चुनावी सभा के दौरान अमित शाह पर की गई टिप्पणी के कारण भाजपा नेता ने उनके खिलाफ केस दर्ज कराया था। पिछले साल फरवरी में उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी और जुलाई में उन्होंने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था।

संपादकीय : अभिव्यक्ति पर पहरा

सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी निस्संदेह बहुत गंभीर है कि संविधान को लागू हुए पचहत्तर वर्ष हो गए, अब तो कम से कम पुलिस को अभिव्यक्ति की आजादी का अर्थ समझना चाहिए। हालांकि यह टिप्पणी कोई पहली बार नहीं आई है। इससे पहले भी कई मौकों पर वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बहसें हो चुकी हैं, अदालतें पुलिस को नसीहत दे चुकी हैं, मगर शायद उस पर संजीदगी से अमल की जरूरत नहीं समझी गई। इसी का नतीजा है। कि अब भी जब तब ऐसे मामले अदालतों में पहुंच जाते हैं, जिनसे किसी की भावना के आहत होने का आरोप लगता है, जबकि वास्तव में उनमें ऐसा कुछ नहीं होता। चाहे वह फिल्मों के दृश्यों-संवादों, किसी राजनेता के बयानों या साहित्य के किसी अंश को लेकर भावनाएं आहत करने या भड़काने के आरोप लगते रहे हों या किसी ऐतिहासिक-मिथकीय प्रसंग को लेकर की गई टिप्पणी पर कई बार तो कुछ बातों को लेकर आंदोलन तक उभारने की कोशिशें देखी गई हैं। ताजा मामला कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी की एक कविता को लेकर उठा, जब उन्होंने गुजरात के एक विवाह समारोह में उसे सुनाया और फिर सोशल मीडिया पर उसका अंश डाल दिया। उन पर आरोप लगा कि कविता में लोगों में हिंसा भड़काने का प्रयास किया गया है। वहां की पुलिस ने इस पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया। साहित्य और कलाओं में अभिव्यक्त विचार कई बार प्रतीकों और बिंबों में छिपे होते हैं, इसलिए उनके सही अर्थ खोलने में दिक्कत आ सकती है । प्रतापगढ़ी के मामले में गुजरात पुलिस को भी इसी के चलते धोखा हुआ होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे स्पष्ट भी किया कि अनुवाद में गलती की वजह से यह भ्रम हुआ होगा। मगर आजकल जिस तरह चुनिंदा तरीके से किसी के बयानों से भावनाओं के आहत होने के आरोप कुछ अधिक लगने लगे हैं और उनमें से कई मामलों में कानूनी कार्रवाई भी कर दी जाती है, उससे संविधान में वर्णित अभिव्यक्ति की आजादी का संकल्प ही धुंधला पड़ता नजर आने लगता है। जबकि कई बार स्थितियां इसके उलट भी देखी जाती हैं, मगर उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती जबसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा है, देशभक्ति, धर्म और आस्था के नाम पर कुछ लोग कुछ भी कहते-बोलते देखे जाने लगे हैं। धर्म संसदों और कई सार्वजनिक सभाओं में संतों और राजनेताओं के आपत्तिजनक बयान देखे सुने गए, मगर उनमें पुलिस का रवैया पक्षपातपूर्ण ही देखा गया। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी महत्त्वपूर्ण है कि प्राथमिकी दर्ज करने से पहले पुलिस को कुछ तो संवेदनशीलता दिखानी होगी। हालांकि यह छिपी बात नहीं है कि पुलिस स्वायत्त तरीके से काम नहीं करती। अनेक कार्रवाइयां उसे सत्ता पक्ष के दबाव में करनी पड़ती हैं। इसलिए विपक्षी दलों के मामले में अगर अभिव्यक्ति की आजादी के कानून को हाशिये पर धकेल दिया या नजरअंदाज कर दिया जाता है, तो हैरानी की बात नहीं। यह कम बड़ी विडंबना नहीं कि साहित्य और कलाओं में अभिव्यक्त विचारों की व्याख्या भी अदालतों को करनी पड़ रही है। सत्ताएं सदा से अपनी आलोचना से तल्ख हो जाती रही हैं, पर आखिर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा कौन करेगा। पहला कर्तव्य तो पुलिस का ही बनता है कि वह उसकी सही-सही व्याख्या करें और फिर कानूनी कार्रवाई के बारे में सोचे। पर राजनीतिक उदारता के बगैर यह संभव नहीं जान पड़ता ।

तकनीक की मार

आधुनिक तकनीकी और इंटरनेट से लैस स्मार्टफोन तक जैसे-जैसे आम लोगों की पहुंच बन रही है, वैसे-वैसे कई स्तर पर इसके नुकसान भी सामने आ रहे हैं। खासकर स्मार्टफोन में गेम खेलने की लत का सबसे ज्यादा असर युवाओं और बच्चों पर पड़ा है, जिनका व्यक्तित्व इससे बुरी तरह प्रभावित होने लगा है। यह चिंता आम है कि मोबाइल में गेम की लत के चलते बच्चों की पढ़ाई- लिखाई बाधित हो रही है। मगर ज्यादा त्रासद घटनाएं वे हैं, जिनमें हमेशा स्मार्टफोन देखने या गेम खेलने की आदत की वजह से बच्चे अपने परिजनों पर हमला कर देते या फिर अपनी ही जान ले लेते हैं। गौरतलब है कि ओड़ीशा में जगतसिंहपुर जिले के जयबाड़ा सेठी साही गांव में एक छात्र ने आनलाइन गेम खेलने से मना करने पर पत्थर से हमला कर अपने माता-पिता और बहन की हत्या कर दी। खुद को रोके जाने के बाद उसके दिमाग पर हिंसा इस कदर हावी हुई कि उसने तीनों का सिर पत्थर से कुचल दिया। यह आधुनिक तकनीक का ऐसा चेहरा है, जो बेहद घातक नतीजों के चलते चिंता का कारण बन रहा है । सवाल है कि इंटरनेट की सुविधा से लैस स्मार्टफोन का पर्दा आखिर इतना गहरा मनोवैज्ञानिक असर कैसे डाल रहा है कि कोई व्यक्ति इसके सम्मोहन में आसपास की दुनिया से लेकर खुद की अहमियत भी भूल जाता है। इसमें गुम रहने से या इसकी लत लग जाने के बाद मस्तिष्क की बनावट में कैसे बदलाव होते हैं कि एक किशोर या बुवा की नजर में जीवन और उसकी वास्तविकताओं की कोई कीमत नहीं रह जाती ? यह स्थिति तकनीक को लेकर हद से ज्यादा मुग्ध होने को कठघरे में खड़ा करती है और इसके सीमित इस्तेमाल की जरूरत रेखांकित करती है। मोबाइल में गुम रहने की लत के चलते बच्चों तक के बीच आत्महत्या या हत्या जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। अगर समय रहते इसे रोकने की ठोस और नीतिगत पहल नहीं की गई, तो आने वाले वक्त में इसके बेहद दुखद नतीजे देखने को मिल सकते हैं। कई देशों में बच्चों और किशोरों की इंटरनेट तक पहुंच को सीमित किया गया है, लेकिन इस मसले पर एक व्यापक नीति की जरूरत है।

हरिदास जी की मगरी से सीसारमा लिंक रोड की सौगात, आपसी सहमति, विकास का बुलडोजर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुरः शहरी विकास प्राधिकरण (UDA) ने हरिदास जी की मंगरी से सीसारमा लिंक तक प्रस्तावित सड़क निर्माण के लिए खातेदारी जमीन पर बुलडोजर चलाया। हालांकि, यह कार्रवाई खातेदारों और UDA के बीच आपसी सहमति से संपन्न हुई, जिससे क्षेत्र में सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। प्रस्तावित सड़क 250 फीट लंबी और 40 फीट चौड़ी होगी, जो स्थानीय निवासियों के लिए यातायात को सुगम बनाएगी। यह सड़क न केवल क्षेत्र के विकास में सहायक होगी, बल्कि शहर के बुनियादी ढांचे को भी मजबूती प्रदान करेगी। UDA अधिकारियों के अनुसार, यह परियोजना यातायात व्यवस्था को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का समर्थन किया, जिससे सड़क निर्माण कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ पाया।

शांति समिति की बैठक सम्पन्नः त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था पर बनी रणनीति



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। आगामी त्योहारों को देखते हुए जिला शांति समिति की बैठक बुधवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट नमित मेहता ने की, जिसमें जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। प्रशासन और समुदायों का एकजुट प्रयास बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, एडीएम (शहर) वार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा सहित पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और संभावित चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर चर्चा की। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि सभी नागरिकों को आपसी सद्भाव बनाए रखना चाहिए और किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी से बचना चाहिए। उन्होंने प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखेगी, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि को तुरंत रोका जा सके। शांति समिति के सदस्यों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव साझा किए और प्रशासन को संपूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। सुरक्षित और उल्लासपूर्ण त्योहार की अपील प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि वे त्योहारों को भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। बैठक के अंत में अधिकारियों ने शांति और एकता बनाए रखने का संदेश दिया और नागरिकों से त्योहारों को सुरक्षित और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

होली के बाद ऐहड़ा खेला तो होगी सख्त कार्रवाई, डीएफओ सुले ने जारी की एडवाइजरी



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद। होली के पश्चात पुरातन परम्परा अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग समूह बनाकर भीम, देवगढ़, ब्यावर, मांड़ल तथा आसींद में होली के पश्चात् ऐहड़ा प्रथा के तहत अवैध रूप से जंगली जानवरों का विशेषतः खरगोश, तीतर, बटेर, मोर व हिरण का शिकार करते है। उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले ने बताया कि अवैध शिकार वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम 1972 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। लोगों से अपील है कि वे ऐहड़ा प्रथा (सामूहिक शिकार) में भागीदार नहीं बने तथा ऐसे कार्यों को रोकने के लिए लोगों में जागृति पैदा करें। सूले ने बताया कि यदि किसी को ऐहड़ा प्रथा के संबंध में कोई जानकारी मिले तो वे निकटतम पुलिस थाना अथवा वन विभाग के किसी भी कार्यालय में सूचित करें। ऐहड़ा प्रथा (सामूहिक शिकार) खेलने वालों के विरुद्ध वन तथा पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही की जावेगी। सूले ने कहा है कि निरीह वन्य प्राणियों को शिकार न करे कानूनी कार्यवाही से बचे एवं वन्यजीव संरक्षण में सहयोग प्रदान करे।

लसाड़िया में फिर पैंथर का आतंक, आधी रात को बैल का शिकार, ग्रामीणों में दहशत



24 न्यूज अपडेट

सलूम्बर, लसाड़ियाः लसाड़िया क्षेत्र में पैंथर के हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला कूण वन नाका क्षेत्र के आरणिया पंचायत के टामटा मंगरी गांव का है, जहां बीती रात एक पैंथर ने एक बैल का शिकार कर लिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। बाड़े में घुसकर बैल को बनाया शिकार जानकारी के मुताबिक, पैंथर आधी रात को गांव के एक पशु बाड़े में घुस आया और बैल पर हमला कर दिया। पैंथर ने बैल को मारकर उसका कुछ हिस्सा खा लिया और फिर जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही कूण वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी और जल्द उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। कोदरवाड़िया गांव में भी हमला, ग्रामीणों ने पैंथर को भगाया उसी रात कोदरवाड़िया गांव में भी पैंथर ने एक बछड़े पर हमला कर दिया। हालांकि, ग्रामीणों के जागने और शोर मचाने पर पैंथर बछड़े को छोड़कर भाग गया। इन लगातार हो रही घटनाओं के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। अब रात के समय लोग पहरा देने को मजबूर हो गए हैं ताकि पैंथर दोबारा हमला न कर सके। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में पैंथर का आतंक दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है और वन विभाग इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा। लोगों ने मांग की है कि वन विभाग इलाके में गश्त बढ़ाए और जल्द से जल्द पैंथर को पकड़ने की कार्रवाई करे।

पिता की हत्या का आरोपी बेटा गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। डूंगरपुर जिले के कुंआ थाना क्षेत्र के पारडा विष्णुजी गांव में पुलिस ने पिता की हत्या के आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। झगड़े के दौरान बेटे ने पिता के सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

घटना का विवरण- कुंआ थानाधिकारी रामेंग पाटीदार के अनुसार, 2 मार्च को पारडा विष्णुजी गांव में गौतम पारगी का शव घर के आंगन में लहूलुहान हालत में मिला। उनके सिर पर गंभीर चोटें थीं। मृतक के बेटे हरीश पारगी ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई। हरीश ने बताया कि वह और उसका बड़ा भाई मुकेश गुजरात में नौकरी करते हैं। 1 मार्च को वे घर लौटने निकले, लेकिन मुकेश अपने ससुराल चला गया, जबकि हरीश 2 मार्च को अपने ससुराल चला गया। उस समय घर पर केवल उनके पिता गौतम पारगी और छोटी बहन मौजूद थे। 2 मार्च को मुकेश घर पहुंचा, जबकि बहन किसी काम से चिखली गई थी। शाम को मुकेश ने हरीश को फोन कर बताया कि पिता से झगड़ा हुआ और वे बेहोश हो गए हैं। जब बहन घर लौटी, तो उसने पिता को आंगन में लहूलुहान अवस्था में मृत पाया। उनके सिर, मुंह और नाक से खून बह रहा था।

पुलिस की कार्रवाई- पुलिस ने हत्या की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी बेटे मुकेश पारगी (26) को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल, उससे पूछताछ जारी है।

चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तारःकेलवा पुलिस ने चोरी गए मवेशी व पिकअप बरामद की



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद में केलवा पुलिस ने पालतू मवेशियों की चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की भैंसें व वाहन बरामद किया। बरामद भैंसों की कीमत करीब दो लाख रूपया है। थाना इंचार्ज लक्ष्मण विश्नोई के अनुसार पुलिस थाना केलवा पर हीरालाल (70) पुत्र भंवर लाल पालीवाल निवासी तासोल ने रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार तासोल गांव से पास उनके मवेशियों के बाड़े से एक भैंस व बछड़ी किसी ने चोरी कर ली। उनके पड़ोसी पंकज जोशी के यहां से भी दो भैंस व दो बछड़े चोरी हो गए। रिपोर्ट के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर पुलिस की टीम का गठन किया गया।

मवेशियों की चोरी के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की व तकनीकी सहायता से तीन संदिग्धों को डिटेन किया। पूछताछ में तीनों ने भैंसों की चोरी स्वीकार की। जिसके बाद पुलिस ने जगदीश (32) पुत्र मांगीलाल बागरिया निवासी धानिन, छगन बंजारा (46) पुत्र हीरालाल बंजारा निवासी सिमेंट फैक्ट्री डबोक बाबाजी का तालाब, डबोक व लखमा बागरिया (26) पुत्र गांगाराम बागरिया निवासी बिलोता थाना देलवाड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से करीब 2 लाख रूपए की भैसों व चोरी में काम आई पिकअप बरामद की। पुलिस के अनुसार आरोपियों से चोरी की और भी वारदातें खुलने की संभावना हैं।


बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर ग्रामीण की पीपाड़ शहर थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की गई है। फिलहाल उससे आस-पास की जगह पर हुई बाइक चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पुलिस पूछताछ की जा रही है। ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया- पीपाड़ शहर थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदातों को लेकर कार्रवाई करते हुए टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर एक बाइक चोर की पहचान की, जिसे थाने लाकर पूछताछ की। उसने बाइक चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने आरोपी भानाराम पुत्र चोखाराम विश्नोई निवासी लोलों की ढाणी बाला पुलिस थाना बिलाड़ा को गिरफ्तार किया। बता दे कि बाइक चोरी को लेकर पवन छीपा ने रिपोर्ट दी थी। बताया कि 18 फरवरी को अपनी बाइक मैरिज गार्डन के बाहर रखकर वह खाना खाने के लिए अंदर गया था। वापस लौटा तो उसकी गाड़ी वहां पर नहीं मिली। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी से पूछताछ में बाइक चोरी की कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की भी उम्मीद है।

मंदिर माफी की जमीनों पर भूमाफिया कर रहे कब्जे, पुजारियों के नाम नहीं हो रही खातेदारी



24 न्यूज अपडेट

जोधपुरः राजस्थान विधानसभा में कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने मंदिर माफी की जमीनों का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि मंदिर माफी की जमीन वंशानुगत पुजारियों के नाम कृषि कार्य करने के लिए नहीं खुल रही. इस बीच इन जमीनों पर भूमाफिया कब्जा कर रहे हैं. सन 1963 के राजस्व परिपत्रों के अनुसार मंदिरों की जमीन की खातेदारी पुजारियों को देकर लगान भी वसूला गया, लेकिन 1991 के परिपत्र से समस्त पुजारियों को मंदिर की माफी की खातेदारी से हटा दिया गया. सरकार ने इस परिपत्र को अलग अलग आदेशों में भूल माना, लेकिन पुजारियों के नाम खातेदारी वापस नहीं हुई, जबकि वंशुनागुत इनका अधिकार है. शर्मा ने कहा कि जो खातेदारी पुजारियों के नाम नहीं खुल रही है. उन्हीं जमीनों पर भूमाफिया कब्जा कर खातेदारी खुला रहे हैं. विधायक ने मांग रखी कि मंदिर माफी की जमीनों पर कब्जे और पुजारियों पर हमले पर लगाम लगे. पुजारियों को संरक्षण दिया जाए, जो जमीनें मंदिर माफी की हैं, उन पर पुजारियों का हक है, जो उनको मिलना चाहिए. विधायक ने कहा कि इसके लिए कलेक्टर, एसपी व राजस्व विभाग की जिम्मेदारी तय करनी चाहिए. इस पर विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने भी कहा कि भू माफिया मंदिर माफी जमीनों पर कब्जे कर रहे हैं, पूरा रैकेट है. हम सब चाहते हैं कि इस पर कार्रवाई हो. अजमेर में कॉलोनी काट दीः विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर में तो भूमाफियों ने मंदिर माफी की जमीनों पर कब्जे कर प्लॉट काट दिए. कॉलोनी बसा दी है. उनके खिलाफ एफआईआर भी हुई है, कार्रवाई नहीं हुई. सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दे रखी है कि मंदिर माफी की जमीन बिक नहीं सकती. पूरे प्रदेश में इसको लेकर सरकार को कार्यवाही करनी होगी. इसपर संसदीय मंत्री जोगाराम पटेल ने सरकार की ओर से कहा कि आप सभी का कहना सही है. उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने देवता को नाबालिग मानते हुए उनकी भूमि की खरीद फरोख्त नहीं करने की व्यवस्था कर दी है. हमारी सरकार इन मामलों को लेकर गंभीरता से कार्रवाई करेगी.

Pre D.El.Ed 2025: 1 जून को होगी परीक्षा, 6 मार्च से 11 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन



24 न्यूज अपडेट

कोटाः प्रदेश की बेसिक स्कूल टीचिंग सर्टिफिकेट (BSTC) के करीब 375 कॉलेज की करीब 26000 सीटों के लिए आयोजित होने वाली प्री डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (Pre D.El.Ed 2025) के आयोजन की जिम्मेदारी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय (VMOU) कोटा को लगातार दूसरी बार मिली है. प्री डी.एल.एड. परीक्षा 1 जून को आयोजित होगी. इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 6 मार्च से 11 अप्रैल तक किए जा सकेंगे.

वीएमओयू के वाइस चांसलर प्रो कैलाश सोडाणी ने बताया कि प्री डी.एल.एड. परीक्षा 2025 की जिम्मेदारी यूनिवर्सिटी को मिली है. इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन या ई–मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. कैंडिडेट अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना आधिकारिक वेबसाइट www.predeledraj2025.in ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आपको बता दें कि साल 2024 में भी वीएमओयू ने ही प्री डीएलएड एग्जाम का आयोजन किया था. इस परीक्षा में 645454 कैंडिडेट ने रजिस्ट्रेशन करवाया था. इनमें से 595047 कैंडिडेट ने एग्जाम दिया था.

14 माह में 19 लाख से ज्यादा नाम हटाएः सरकार ने गिवअप अभियान और केवाईसी नहीं करवाने पर NFSA की सूची हटाए नाम



24न्यूज अपडेट

राजस्थान में जब से भजनलाल सरकार आई है तब से अब तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA) से करीब 20 लाख लोगों के नाम हटाए जा चुके है। ये वो नाम है जिन्होंने या तो केवाईसी नहीं करवाई या जो इस योजना के तहत अपात्र घोषित हो गए थे। जिलेवार स्थिति देखे तो सबसे ज्यादा जयपुर जिले से लोगों के नाम सूची से डिलिट किए गए है। हाल ही में खाद्य विभाग ने अपनी एक रिपोर्ट सार्वजनिक की है, जिसमें बताया कि एक जनवरी 2024 से 27 फरवरी 2025 तक NFSA सूची से कुल 19 लाख 90 हजार 886 लोगों के नाम हटाए जा चुके है। वहीं जिलेवार रिपोर्ट देखे तो सबसे ज्यादा 1.36 लाख नाम जयपुर जिले से हटाए गए है। इनमें से ज्यादातर नाम केवाईसी पूरा नहीं करवाने वालों के है। सुप्रीम कोर्ट ने NFSA सूची में दर्ज पात्र परिवारों की केवाईसी करवाने के निर्देश दिए थे, जिसका काम पिछले एक साल से चल रहा है।

2 माह में हटाए 5 लाख से ज्यादा नाम

राजस्थान में पिछले दो माह जनवरी-फरवरी की ही रिपोर्ट देखे तो 5 लाख 23,332 लोगों के नाम इस सूची से हटाए जा चुके है। वहीं विभाग के अधिकारियों का मानना है कि ये संख्या मार्च में और भी बढ़ सकती है। सरकार ने केवाईसी के लिए 31 मार्च तक का समय दे रखा है।

गिवअप अभियान के तहत 31 मार्च का समय

इधर जिन पात्र व्यक्तियों में से अगर किसी के पास खुद की कार है तो उसे भी इस सूची से स्वतः नाम हटवाने के लिए सरकार ने 31 मार्च तक का समय दिया है। इसके लिए सरकार ने प्रदेशभर में गिवअप अभियान चला रखा है। जयपुर जिले में इस अभियान के तहत 23 हजार से ज्यादा लोगों के नाम सूची से हटाए जा चुके है।

सोशल मीडिया पर लेडीज कुर्ती के विज्ञापन सम्बन्धी फोटो-वीडियो शेयर कर ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार



न्यूज अपडेट

जयपुर 5 मार्च। दौसा जिले में थाना नांगल राजावतान की स्पेशल टीम व साईबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई में सोशल मीडिया पर लेडीज कुर्ती के विज्ञापन सम्बन्धी फोटो-वीडियो शेयर कर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य विकास सैनी पुत्र गंगाधर सैनी उम्र 19 साल निवासी खारया की ढाणी तन बडागॉव थाना नांगल राजावतान को गिरफ्तार दो एंड्राइड मोबाइल में दो सिम जप्त की है। आरोपी के पांच बैंक खातों एवं चार मोबाइल वोलेट्स में विभिन्न राज्यों के नागरिकों से लाखों रुपए की ठगी किया जाना सामने आया है। जिसके संबंध में जॉच की जा रही है।

एसपी सागर राणा ने बताया कि आईजी जयपुर रेंज अजयपाल लाम्बा व उनके निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार अग्रवाल व सीओ चारुल गुप्ता के पर्यवेक्षण तथा थानाधिकारी नांगल राजावतान हुसैन अली के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस दल द्वारा वर्तमान में साइबर अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपराधों के निर्बाध पंजीकरण, तत्काल अनुसंधान, रोकथाम, जागरुकता के सतत् कार्रवाई की जा रही है।

एसपी राणा ने बताया कि मंगलवार को साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर भारत सरकार द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल तथा प्रतिबिम्ब पोर्टल की मदद से जानकारी मिली कि संदिग्ध मोबाईल नंबर की लोकेशन नांगल राजावतान ईलाका की है। इस पर एएसआई रघुराज सिंह, हेड कांस्टेबल लक्ष्मीकांत शर्मा, कांस्टेबल रामावतार व रिंकूलाल की विशेष टीम द्वारा आसूचना संकलन कर इसकी पुष्टि की।

साइबर सेल की तकनीकी मदद से खारया की ढाणी से आरोपी विकास सैनी को डिटेन किया गया। उसके पास मिले मोबाईल व सिम ऑनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड में प्रयुक्त होना पाया गया। आरोपी विकास और इसके साथी इंस्टाग्राम पर लेडीज कुर्ती के विज्ञापन संबंधी फोटो व वीडियो अपलोड कर लोगो को अपने चंगुल में फंसाते है।

ऑनलाईन रकम ठग विभिन्न बैंक खातों एवं वॉलेटस में प्राप्त करते है। आरोपी के पांच बैंकों के खातों एवं मोबाइल वॉलेट्स को चिन्हित किया गया है, जिसमें देश के कई राज्यों के लोगों से लाखों रुपये की राशि का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। इस पर आरोपी विकास सैनी को मौके पर ही गिरफतार कर इसके पास मिले मोबाईल व सिम को जप्त किया गया। आरोपी से पुलिस गहनता से अनुसंधान कर रही है।

इस कार्रवाई में थाना नांगल राजावतान से एसएचओ हुसैन अली सहित एएसआई रघुराज सिंह, हेड कांस्टेबल लक्ष्मीकांत, कांस्टेबल रामावतार, रिंकू लाल, कांस्टेबल चालक हरि सिंह एवं साइबर सेल से कांस्टेबल सोनू कुमार व दिनेश कुमार शामिल थे।

सरकार बदलने पर भी लव जिहाद और लैंड जिहाद पर कार्रवाई में ढिलाई, सरकार बनाए कड़े कानून : विहिप



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का कहना है कि प्रदेश में लव जिहाद और लैंड जिहाद के मामलों में सरकार बदलने के बाद भी कार्रवाई के लिहाज से कोई अंतर नहीं आया है. उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस और प्रशासन के अधिकारी ऐसे मामलों में भी सामान्य मामलों की तरह कार्रवाई करते हैं. विहिप ने प्रदेश की भाजपा सरकार से लव जिहाद और लैंड जिहाद के मामलों को लेकर कड़े कानून बनाने और उन पर सख्ती से अमल कारवाने की मांग की है.

दरअसल, बिजयनगर और भीलवाड़ा में बच्चियों को ब्लैकमेल कर शोषण करने के मामले को विहिप ने लव जिहाद का बड़ा उदहारण बताया और आरोप लगाया कि इसमें एक बड़ा गिरोह काम कर रहा है. जिसका खुलासा होना चाहिए और इस गिरोह में शामिल हर एक शख्स पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर में एक धार्मिक शोभायात्रा (बैवाण) पर पथराव के मामले में भी प्रशासनिक अधिकारियों पर ढिलाई बरतने का आरोप लगाया है.

ढिलाई बरतने वाले अफसरों पर हो एक्शन : विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय ने बुधवार को जयपुर में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि लव जिहाद और लैंड जिहाद के लिए अभी जो कानून हैं. उससे काम नहीं चलेगा. राज्य सरकार को इसके किए कठोर कानून बनाने होंगे, जिसमें लव जिहाद करने वाले और ढिलाई बरतने वाले अधिकारी भी नहीं बचने चाहिए.

देशव्यापी समस्या है लव जिहाद : सुरेश उपाध्याय ने कहा, लव जिहाद देशव्यापी समस्या है. ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता है, जब लव जिहाद का कोई मुद्दा हनारे सामने नहीं आता है. आमतौर पर देखा जाता है कि इसमें 12 से 19 साल तक की बच्चियों को टारगेट कर फंसाया जाता है. एक समुदाय विशेष के युवक बहला-फुसलाकर नाबालिग लड़कियों से दोस्ती करते हैं. युवकों के परिवारों की महिलाएं भी इसमें उनकी मदद करती हैं. अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल और शोषण किया जाता है.

25 हजार रुपये इनामी गिरफ्तार : जयपुर में छुपकर काट रहा था फरारी, लूट एवं मारपीट के मामले में है



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 5 मार्च। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने लूट एवं मारपीट के मामले में झुंझुनू जिले के थाना पिलानी में 2 साल से वांछित आरोपी को पकड़ा है। आरोपी अमन सिंह जाट पुत्र विजय सिंह (27) पिलानी के दुदी गांव का रहने वाला है। आरोपी जयपुर के मानसरोवर इलाके में छुपकर फरारी काट रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर झुन्झनू एसपी द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत शर्मा के पीएचक्यू से विभिन्न टीमें गैंगस्टर, वांछित बदमाशों एवं संगठित गिरोह के सदस्यों के बारे में आ सूचनाए संकलित कर रही है।

एडीजी श्री एमएन ने बताया कि एएसपी श्री शर्मा के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक श्री सुभाष सिहं के नेतृत्व में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, नरेन्द्र सिंह, कमल सिंह, मोहन लाल, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम, चालक सुरेश कुमार की टीम आसूचना संकलन कर रही थी। इसी दौरान टीम के सदस्य एएसआई शंकर दयाल शर्मा व हैड कांस्टेबल कमल सिंह को पता चला कि झुन्झुनू के थाना पिलानी में वर्ष 2023 के मारपीट व लूट के प्रकरण का 25 हजार का ईनामी अमन जाट जयपुर के शिप्रापथ थाना ईलाके फरारी काट रहा है।

इस पर टीम द्वारा सूचना को विकसित कर लगातार आरोपी का पीछा करती रही। काफी मशक्कत के उपरान्त आरोपी अमन को जयपुर के शिप्रापथ थाना ईलाके से डिटेन कर थाना पिलानी पुलिस की टीम को सुपुर्द किया।

आरोपी के विरूद्व मारपीट, जमीनी विवाद, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट आदि के जयपुर झुंझुनू चूरू एवं हरियाणा के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन प्रकरण दर्ज है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक जिला झुन्झुन की ओर से 25 हजार का ईनाम घोषित था।

उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हैड कांस्टेबल कमल सिंह व झुंझुनू आग एजीटीएफ के हेड कांस्टेबल शशिकान्त की महत्वपूर्ण व विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कमल सिंह, मोहन लाल, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम, चालक सुरेश कुमार का सराहनीय सहयोग रहा है। कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह का कुशल नेतृत्व रहा है।

पुलिस थाना पिलानी व एजीटीएफ झुन्झुनू की टीम से एसएचओ रणजीत सेवदा सहित हैड कांस्टेबल शशिकान्त, संदीप गांधी, कांस्टेबल पंकज, सुरेश, हरीश, अमित, योगेन्द्र शामिल थे।

बार-बार चुनाव से बढ़ता है भ्रष्टाचार व कालाधन, एक देश एक चुनाव से बढ़ेगी जीडीपीः प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः एक देश एक चुनाव मुहिम के प्रदेश संयोजक सीए सुनील भार्गव ने बुधवार को यहां कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का कॉन्सेप्ट देश के लिए नया नहीं है. पहले लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन आपातकाल के बाद अलग-अलग चुनाव होने लगे. इसका असर समाज के हर तबके पर पड़ता है. भार्गव वन नेशन वन इलेक्शन पर जागरूकता मुहिम के तहत मीडिया से बात कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि कई राजनीतिक दल 'एक देश एक चुनाव' के समर्थन में हैं. लेकिन कुछ विरोध के लिए विरोध कर रहे हैं. आज देश के किसी न किसी हिस्से में चुनाव होते रहते हैं. बार-बार चुनाव से कालाधन व भ्रष्टाचार बढ़ता है. एक देश एक चुनाव से देश की जीडीपी सुधरेगी. वर्ष 2047 तक देश विकसित बन जाएगा.

संयोजक भार्गव ने बताया कि भारत में एक साथ चुनाव के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट 2024 में जारी हुई थी. इसकी सिफारिशें केंद्रीय कैबिनेट 18 सितंबर 2024 को मंजूर कर चुका है. यह चुनाव सुधार की दिशा में अहम कदम है. इसके समर्थकों का तर्क है कि इससे प्रशासनिक दक्षता व नीति संबंधी निरंतरता बढ़ेगी. चुनावी खर्चा घटेगा. इसके लिए गहन विचार और आम सहमति की जरूरत है.

होते रहे एक साथ चुनावः भार्गव बोले कि संविधान लागू होने के बाद 1951 से 1967 तक लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे. कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण 1968 और 1969 में साथ चुनाव कराने में दिक्कत आई. चौथी लोकसभा भी 1970 में समय से पहले भंग कर दी गई. फिर 1971 में नए चुनाव हुए.

लोकसभा भंग होने से टूटा सिलसिलाः उन्होंने कहा कि पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा ने अपना कार्यकाल पूरा किया. आपातकाल के कारण पांचवी लोकसभा का कार्यकाल 1977 तक बढ़ा दिया. इसके बाद आठवीं, दसवीं, 14वीं व 15वीं लोकसभा कार्यकाल पूरा कर सकी. छठी, सातवीं, नौवीं, 11वीं, 12वीं और 13वीं लोकसभा समय से पहले भंग कर दी गई. इससे चुनावी कार्यक्रमों में बदलाव का मौजूदा स्वरूप सामने आया.

ज्यादातर दल समर्थन में : संयोजक ने कहा कि 47 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव पर विचार रखे. इनमें 32 दलों ने संसाधनों के बेहतर उपयोग और सामाजिक सद्भाव जैसे लाभों का हवाला देते विचार का समर्थन किया. 15 दलों ने संभावित लोकतंत्र विरोधी प्रभाव और क्षेत्रीय दलों के हाशिए पर जाने से जुड़ी चिंताएं जताई. समिति ने पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, पूर्व चुनाव आयुक्तों और विधि विशेषज्ञों से परामर्श लिया. अधिकांश ने एक साथ चुनाव की अवधारणा का समर्थन किया. बार-बार चुनाव संसाधनों की बर्बादी बताया. उन्होंने कहा कि सीआईआई, फिक्की और एसोचौम जैसे व्यापारिक संगठनों ने प्रस्ताव का समर्थन किया. बार-बार चुनाव से जुड़ी समस्या और खर्च में कमी लाकर आर्थिक स्थिरता पर सकारात्मक प्रभाव उजागर किया

महिला को परेशान करने वाला कथित पत्रकार गिरफ्तारः निर्भया टीम की तत्परता से कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। सदर थाना पुलिस ने एक महिला को ब्लैकमेल और परेशान करने वाले कथित पत्रकार को गिरफ्तार किया है। आरोपी रेलवे स्टेशन पर महिला को तंग कर रहा था, तभी निर्भया टीम मौके पर पहुंची और महिला से बातचीत की। महिला ने बताया कि वह आरोपी को नहीं जानती लेकिन वह काफी समय से उसे परेशान कर रहा था। निर्भया टीम ने तुरंत आरोपी को डिटेन किया और उसे सदर थाने लेकर गई। जांच में पता चला कि आरोपी का नाम कमलेश कुमार है, जो खुद को पत्रकार बता रहा था। जब पुलिस ने उसके दस्तावेजों की जांच की तो वे फर्जी निकले। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

ऑपरेशन गरिमा के तहत हुई कार्रवाई

जयपुर पुलिस कमिश्नर और निर्भया नोडल प्रभारी के निर्देशानुसार ऑपरेशन गरिमा अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्भया टीम लगातार सिविल ड्रेस में गश्त कर रही है। बुधवार को राउंड के दौरान रेलवे स्टेशन के पास टीम ने एक महिला को एक युवक से बहस करते देखा। जब टीम ने महिला से बात की, तो उसने बताया कि पाली जिले के रोहट के आदर्श नगर निवासी कमलेश कुमार उसे काफी समय से परेशान कर रहा था और ब्लैकमेल कर रहा था। वह उसे जबरदस्ती साथ चलने के लिए कह रहा था, जबकि महिला उसे जानती तक नहीं थी।

पत्रकार बनकर धमका रहा था आरोपी

जब निर्भया टीम ने आरोपी से पूछताछ की, तो वह अपने आप को पत्रकार बताकर टीम को धमकाने लगा। उसने कहा कि वह पत्रकार है और उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। लेकिन जब दस्तावेजों की जांच की गई तो वह फर्जी निकला।

उदयपुर में प्रदर्शन कर रहे मजदूरों पर पुलिस ने भांजी लाठियां



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर रहे करीब 100 मजदूरों को पुलिस ने बलपूर्वक हटाया। पुलिस ने उनका सामान फेंक दिया और प्रदर्शनकारियों को धक्का देकर भगाया। इस दौरान एक महिला बेहोश हो गई। प्रदर्शनकारी मध्य प्रदेश से आए मजदूर थे, जिनका आरोप है कि वन विभाग की साइट पर काम कराने के बावजूद ठेकेदार ने उनका भुगतान नहीं किया। मजदूरों का दावा है कि उनके 47.53 लाख रुपये बकाया हैं। वे 3 मार्च से कलेक्टर आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे और पिछले दो रातों से वहीं रुके थे।

पुलिस की सख्ती और घटना का घटनाक्रम

बुधवार को प्रदर्शन के दौरान एक महिला की तबीयत बिगड़ गई, जबकि एक अन्य महिला बेहोश हो गई। इससे पहले, मंगलवार रात को एक गर्भवती महिला की भी हालत बिगड़ गई थी।

भूपालपुरा थाना क्षेत्र में दोपहर 2 बजे हुए इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। SHO ने चेतावनी दी कि यदि सड़क जाम की गई तो मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से सख्त लहजे में कहा कि वे कानून तोड़ेंगे तो कार्रवाई होगी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक हटाने के लिए लाठीचार्ज भी किया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में कई मजदूरों को हल्की चोटें भी आईं।

मजदूरों और ठेकेदार का पक्ष

मजदूरों के अनुसार, उन्होंने दो स्थानों पर काम किया था—परसाद में ठेकेदार बसंतीलाल के लिए और काला मगरा में ठेकेदार दिलीप सिंह के लिए। उनका कुल भुगतान 51.12 लाख रुपये था, लेकिन अब तक केवल 3.59 लाख रुपये ही मिले हैं। दूसरी ओर, ठेकेदार दिलीप सिंह का कहना है कि मजदूरों का केवल 4.31 लाख रुपये बकाया है, जिसमें से 81,150 रुपये उनके पास और 3.50 लाख रुपये बसंतीलाल के पास बकाया हैं।

मजदूरों का आरोप है कि उन्हें ठेकेदार द्वारा बार-बार भुगतान का आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन अब तक पूरा भुगतान नहीं किया गया। वे अपने हक की मांग को लेकर कई बार अधिकारियों से भी मिले, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

कलेक्टर का बयान और प्रशासन की प्रतिक्रिया

कलेक्टर नमित मेहता ने बताया कि यह मामला ठेकेदार और मजदूरों के बीच का है। उन्होंने डीएफओ से रिपोर्ट मांगी है और आश्वासन दिया है कि जो भी वैध भुगतान बकाया होगा, उसे दिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक हटाने की जानकारी होने से इनकार किया।

प्रशासन ने कहा कि मजदूरों को उनकी उचित मजदूरी दिलाने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। इस संबंध में वन विभाग और ठेकेदारों से बातचीत की जाएगी ताकि बकाया राशि जल्द से जल्द चुकाई जा सके। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें उनकी बकाया मजदूरी जल्द नहीं मिली, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन ठेकेदारों पर कार्रवाई करे और जल्द से जल्द उनका भुगतान सुनिश्चित करे।

सुविवि में नया विवाद : "मंडला" में मेवाड़ राजपरिवार की छवि धूमिल करने का आरोप छात्रों का विरोध प्रदर्शन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के यूजीसी महिला अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम 'मंडला' (3 से 8 मार्च) के अंतर्गत प्रस्तुत की जा रही सामग्री को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। छात्रों ने आरोप लगाया है कि कार्यक्रम में परिवार विरोधी विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे समाज में विभाजन पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। है। बुधवार को विश्वविद्यालय की छात्राओं ने प्रशासन के समक्ष प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि इस कार्यक्रम में कम्युनिस्ट विचारधारा के आधार पर महिला बनाम परिवार का प्रोपेगेंडा फैलाया जा रहा है। प्रदर्शनकारी छात्राओं का कहना है कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली हजारों छात्राएं आदिवासी एवं विविध पारिवारिक पृष्ठभूमि से आती हैं, और ऐसे कार्यक्रम उनके पारिवारिक मूल्यों पर आघात कर रहे हैं।

परिवार से संबंध तोड़ने की साजिश का आरोप


छात्राओं के अनुसार, कार्यक्रम के तहत माता-पिता पर दोषारोपण करने, विवाह को महिलाओं की प्रगति में बाधा बताने और परिवार से अलग होकर एनजीओ के साथ जुड़ने जैसी अवधारणाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र निदेशक सुधा चौधरी एवं अन्य आयोजक उन्हें 'रिबेल किड्स' बनने और परिवार से अलग होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

प्रसिद्ध महिला व्यक्तित्वों से प्रेरणा देने की मांग

प्रदर्शनकारी छात्राओं ने मांग की है कि महिलाओं की शिक्षा और अवसरों को प्रोत्साहित करने के लिए रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, वीरांगना कालीबाई, द्रौपदी मुर्मू, कल्पना चावला और साइना नेहवाल जैसी हस्तियों के जीवन पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में परिवार व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक इकाई होता है और इसकी अवधारणा 'अर्धनारीश्वर' के सिद्धांत पर आधारित है, जहां पुरुष और महिला पूरक होते हैं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के तहत रुथ प्रॉवेर झाबवाला द्वारा लिखित पुस्तक 'इनसाइड द हवेली' को पढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, जो मेवाड़ राजपरिवार की छवि धूमिल करने का प्रयास है। इस पुस्तक में यह दिखाया गया है कि मेवाड़ राजपरिवार में बहुओं की स्वतंत्रता का दमन किया जाता था, जो छात्रों के अनुसार वास्तविकता से दूर है।

इसके अलावा, 'दास्तान-ए-गोई' सत्र के लिए सैयद साहिल आगा को आमंत्रित किया गया है, जो पहले सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंदुओं को 'तुगलक' कहने के लिए विवादों में रहे थे। छात्रों ने आरोप लगाया कि इस तरह के साम्प्रदायिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को बुलाने से विश्वविद्यालय में अशांति फैल सकती है।

'भीलवाड़ा स्क्रैप' और 'कामधेनु सरिया' के दो गोदाम पर छापे



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा. डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (DGGI) ने आज सुबह भीलवाड़ा में कांग्रेस नेता और स्क्रैप कारोबारी ओम नारायणीवाल के ठिकानों पर छापेमारी की। रेड की कार्रवाई में DGGI की टीम ने उनके घर और तीन व्यावसायिक परिसरों पर छानबीन की। इसमें उनकी फर्म 'भीलवाड़ा स्क्रैप' और 'कामधेनु सरिया' के दो गोदाम शामिल हैं। नारायणीवाल भीलवाड़ा में कामधेनु सरिया के डीलर भी हैं। एक साथ कई ठिकानों पर दबिश DGGI की टीम सुबह ही भीलवाड़ा पहुंची और नारायणीवाल के लगभग सभी ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू कर दी। गांधी नगर मिर्च मंडी के पास स्थित 'भीलवाड़ा स्क्रैप' नामक फर्म पर कार्रवाई की खबर फैलते ही स्थानीय व्यापारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, अभी तक टीम द्वारा इस रेड से जुड़ी कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है और जांच जारी है।

कांग्रेस नेता ओम नारायणीवाल का राजनीतिक सफर

ओम नारायणीवाल 2023 के राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर भीलवाड़ा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं, हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली। इससे पहले, उन्होंने 2018 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे। इसके अलावा, वे भीलवाड़ा नगर परिषद के सभापति भी रह चुके हैं। कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में चिंता DGGI की इस छापेमारी से व्यापार जगत में हलचल मच गई है। स्थानीय व्यापारी इस कार्रवाई के संभावित प्रभावों को लेकर चिंतित हैं। रेड के पीछे का मुख्य कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि यह जीएसटी से जुड़े अनियमितताओं की जांच का हिस्सा हो सकता है। प्रशासन और DGGI की टीम इस मामले में कोई भी आधिकारिक बयान जारी नहीं कर रही है, जिससे स्थिति को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

उदयपुर में विकसित भारत के लिए युवा शक्ति का सजेगा मंच

-9 मार्च तक अपलोड करना होगा एक मिनट का वीडियो -माय भारत पोर्टल पर होगा रजिस्ट्रेशन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 5 मार्च। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर में जिला स्तरीय "विकसित भारत युवा संसद-2025" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा।


युवाओं के लिए अवसर- उदयपुर, सलूम्बर और राजसमंद जिले के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के राजकीय व निजी कॉलेज स्टूडेंट्स इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। इसके लिए "विकसित भारत से आप क्या समझते हैं" विषय पर एक मिनट का वीडियो बनाकर 9 मार्च तक "माय भारत पोर्टल" के विकसित भारत युवा संसद के इवेंट पेज पर अपलोड करना होगा। 19 और 20 मार्च को प्रतियोगिता का अगला चरण आयोजित किया जाएगा।

विधानसभा में बोलने का मौका- एनएसएस प्रभारी और कार्यक्रम की संयोजक डॉ सुनीता आर्य ने बताया कि चयनित 150 प्रतिभागी जिला स्तर पर फिजिकल राउंड में "एक राष्ट्र एक चुनावः विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त करना" विषय पर अपने विचार रखेंगे। 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का मौका मिलेगा, जो विधानसभा में आयोजित होने की संभावना है।

महत्वपूर्ण जानकारी- राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय को जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए नोडल कॉलेज बनाया गया है।

18 से 25 वर्ष की आयु के किसी भी संकाय और पाठ्यक्रम के नियमित व स्वयंपाठी विद्यार्थी और जिन्होंने पढ़ाई छोड़ दी वे भी भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8696163508 और राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय या नेहरू युवा केंद्र उदयपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

80 हजार शिक्षकों, शिक्षा कर्मियों व पैरा टीचर्स का वेतन अटका



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। शिक्षा विभाग मे प्रदेश के लगभग 80 हजार पीडी मद के कार्यरत शिक्षकों सहित शिक्षा कर्मियों व पैरा टीचर्स का वेतन बजट के अभाव में फरवरी माह का वेतन अटक गया है इसमें कई कार्मिको को तो जनवरी माह के वेतन का इंतजार है

इस सम्बंध में राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पीडी मद में कार्यरत सभी कार्मिकों का वर्ष भर का वेतन बजट एक साथ शीघ्र जारी कराने की मांग की है, चौहान ने बताया कि पीडी मद के कार्मिकों का पूरे वर्ष का एक मुश्त वेतन बजट जारी न कर 3-4 किश्तो मे जारी किया जाता है, वह भी कई माह के लम्बे अंतराल मे जारी होता है, जिससे इन शिक्षकों को वेतन नियमित रुप से नही मिल पाता है और इनको आर्थिक समस्याओ का सामना करना पड़ता है, अभी भी इन शिक्षकों को फरवरी माह के वेतन का इंतजार है, कई शिक्षकों को तो अभी तक माह जनवरी से ही वेतन नही मिल पाया है जिससे उनकी आयकर कटौती सहित अन्य कटौतिया समय पर नही हो पाई है

पी.डी मद के इन शिक्षकों के वेतन का बजट पूरे वर्ष भर का एक साथ जारी कराने एवं आईएफएमएस 03 पर अन्य शिक्षकों के वेतन व्यवस्था की भांति ऑटो वेतन व्यवस्था लागु कर इन शिक्षकों को आर्थिक राहत दिलाने की भी मांग की है

रमजान में बनी डॉ सक्का की विश्व की सबसे छोटी सोने चांदी की किताब राष्ट्रीय एकता का संदेश दे रही



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के स्वर्ण शिल्पकार 100 विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉक्टर इक़बाल सक्का ने रमजान के मुबारक मौके पर विश्व की सबसे छोटी सोने चांदी की किताब बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया है डॉक्टर इक़बाल सक्का ने सोने चांदी की किताब में अरबी में अल्लाह लिखा है संस्कृत में ओम लिखा हुआ है सिख धर्म का खंडा बनाया साथ में ईसाई धर्म का सलीब क्रॉस भी बनाकर भारत की एकता की बात कही है डॉक्टर सक्का ने समस्त विश्व को विश्व शांति का संदेश देने वाली इस सोने चांदी की किताब में64 ,64 पृष्ठ है 6 गुना 4 मिली मीटर की इस किताब में अल्लाह ओम खंडा व सलीब क्रॉस को लेंस की सहायता से ही देखा व पढा जा सकता है सोने चांदी की विश्व की सबसे छोटी सोने चांदी की किताब का वजन मात्र 500, 500 मिलीग्राम है सोने चांदी की इस किताब के हर-एक पन्ने को सुई की नोक से खोलकर पढ़ा जा सकता है इसको बनाने में 15 दिन का समय लगा है ।

RUHS में गैर-चिकित्सक VC की नियुक्ति पर प्रदेशभर के चिकित्सकों में रोष, अरिसदा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS) में एक गैर-चिकित्सक डॉक्टर को वाइस चांसलर (VC) नियुक्त किए जाने पर चिकित्सक समुदाय में जबरदस्त आक्रोश है। इस फैसले को लेकर राजस्थान राज्य चिकित्सा संघ (अरिसदा) के उदयपुर के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और इस नियुक्ति पर तुरंत पुनर्विचार करने की मांग की। चिकित्सकों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द कोई कार्रवाई नहीं की, तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

मेडिकल यूनिवर्सिटी में गैर-चिकित्सक VC स्वीकार नहीं – अरिसदा

अरिसदा के प्रदेश महासचिव डॉ. शंकर बामनिया ने कहा कि RUHS में गैर-चिकित्सक को वाइस चांसलर नियुक्त करना चिकित्सा शिक्षा के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने तर्क दिया कि देशभर में मेडिकल यूनिवर्सिटीज़ में अब तक केवल MBBS, MD, DM या MCh जैसी उच्च चिकित्सा योग्यताओं वाले विशेषज्ञों को ही VC बनाया गया है।

उन्होंने कहा, "राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (RUHS) की स्थापना का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाना था, लेकिन यह नियुक्ति मेडिकल शिक्षा प्रणाली को कमजोर करने का प्रयास है। यह न केवल चिकित्सा जगत के पेशेवरों के अधिकारों का हनन है, बल्कि छात्रों और शिक्षकों के लिए भी अनुचित है।"

चिकित्सकों ने उठाए सवाल, फैसले पर जताई कड़ी आपत्ति

अरिसदा के संयोजक डॉ. राजवीर सिंह ने सवाल उठाते हुए कहा, "जब मेडिकल कॉलेजों में गैर-चिकित्सक डॉक्टरों को फैकल्टी बनने की अनुमति तक नहीं है, तो फिर उन्हें मेडिकल यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर कैसे बनाया जा सकता है?"

उन्होंने इस निर्णय को मेडिकल शिक्षा के लिए घातक बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। सरकार की हठधर्मिता से नाराज चिकित्सक, आंदोलन की चेतावनी

डॉ. बामनिया ने कहा कि सरकार का यह फैसला प्रदेश के चिकित्सा शिक्षकों और चिकित्सकों के करियर पर सीधा प्रहार है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया, तो राजस्थान के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षक और चिकित्सक विरोध-प्रदर्शन और आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अरिसदा के कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे। अब देखना होगा कि सरकार और प्रशासन इस मांग पर क्या रुख अपनाते हैं।

रंगशाला में 'किस्से किनारों के' नाटक रविवार को

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 5 मार्च। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में रविवार 9 मार्च 2025 को नाटक 'किस्से किनारों के' का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला रविवार 9 मार्च 2025 को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में 'किस्से किनारों के' नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के निर्देशक अभिषेक गोस्वामी है। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता हेतु आवेदन आमंत्रित, आवेदन की अंतिम तारीख 18 मार्च तक

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 5 मार्च। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा आयोजित होने वाली 'युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता' में भाग लेने वाले इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता के बारे में बताया कि 18 से 30 वर्ष की मध्य की आयु वाले युवाओं की विभिन्न प्रतिभाएं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य को एक राज्य स्तरीय मंच देने एवं उनकी कलाओं को प्रोत्साहित करने एवं राज्य/देश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में इस वर्ष की प्रतियोगिता 21 मार्च 2025 शुक्रवार को शिल्पग्राम उदयपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित की जायेगी। इच्छुक युवा आवेदन सादे कागज पर बागोर की हवेली गणगौर घाट उदयपुर में 18 मार्च सायं 5 बजे तक जमा करा सकते है। अपनी उम्र के प्रमाण हेतु शैक्षणिक अंक तालिका साथ लानी अनिवार्य होगी। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी आप पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के फेसबुक पेज तथा वेबसाइट www.wzccindia.com पर प्राप्त कर सकते हैं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।